Live Hindustan

Job fair in Dehradun for 100 posts

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय देहरादून में 14 सितंबर को रोजगार मेला लगेगा। सेफ एजुकेट लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी ऑपरेशन असिस्टेंट और सीनियर ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव पद के लिए साक्षात्कार लेगी। कंपनी 100 पद भरेगी। चयनित अभ्यर्थियों को 18 से 30 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा।

शुक्रवार को यह जानकारी क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी अजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यालय परिसर में 14 सितंबर को सुबह 11 बजे से साक्षात्कार शुरू होंगे। अभ्यर्थी की आयु 18-30 वर्ष और अभ्यर्थी इंटर या स्नातक श्रेणी पास होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी 45 दिन की ट्रेनिंग देगी। इस दौरान अभ्यर्थी से 17,500 से 30 हजार रुपये तक का शुल्क भी लिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने पर नौकरी मिलेगी।